कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम व द्वितीय (UTET-I व UTET-II) 2013 के स्थगन की सूचना

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य में आयी आपदा के कारण क्षति एवं अधिकांश जनपदों के आवागमन/सम्पर्क मार्ग अवरुद्ध होने के दृष्टिगत दिनांक 07 जुलाई, 2013 को आयोजित होने वाली **UTET-I** व **UTET-II** परीक्षा **2013** अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती है। परीक्षा की संशोधित तिथि को बाद में समाचार पत्रों एवं परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि समाचार पत्रों का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। **UTET-I** व **UTET-II** परीक्षा **2013** के प्रवेश पत्र पूर्व में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये गये हैं। प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्राप्त न होने की स्थिति में अभ्यर्थी वेबसाइट **www.ubse.in** से भी डाउनलोड कर सकते हैं। **UTET-I** व **UTET-II 2013** की परीक्षा पूर्व में प्रेषित प्रवेश पत्र के आधार पर संशोधित तिथि को उन्हीं परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

28/6/2013

(डॉ0 दया कृष्ण मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0/ 129-32 /2013–14 दिनांक : 28 जून, 2013

प्रतिलिपि – निम्नांकित संपादकों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में उक्त विज्ञप्ति को फौन्ट साईज 14 में 64 वर्ग सेमी0 में शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करें।

1. अमर उजाला
2. दैनिक जागरण
3. हिन्दुस्तान
4. उत्तर उजाला

भवदीय

28/6/2013

(डॉ0 दया कृष्ण मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।